2019 में मेघालय के किसानों की सबसे अधिक मासिक आमदनी; पंजाब, हरियाणा इसके बाद

1 जनवरी और 31 दिसंबर, 2019 अवधि के दौरान राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एन एस ओ) द्वारा किए गए सर्वेक्षण के अनुसार, भारत में मेघालय के किसान परिवारों की औसत मासिक आमदनी सबसे अधिक दर्ज की गई। इसके बाद पंजाब और हरियाणा का स्थान है।

भारत सरकार के सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के अधीन एन एस ओ ने राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण (एन एस एस) के 77वें दौर में 'ग्रामीण भारत में कृषक परिवारों की स्थिति और परिवारों की भूमि और पशुधन धृतियों का मूल्यांकन, 2019' के लिए सर्वेक्षण किया।

सर्वेक्षण के निष्कर्ष 10 सितंबर को जारी किए गए थे। सर्वेक्षण में कृषि वर्ष जुलाई 2018-जून 2019 के दो हिस्सों के लिए अलग-अलग फसल उत्पादन, पशुपालन और गैर-कृषि व्यवसाय से संबंधित प्राप्तियों और खर्च की जानकारी एकत्र की गई। इसी अवधि के लिए मज़दूरी/वेतन और भूमि को पट्टे पर देने की आमदनी भी दर्ज की गई।

इस जानकारी के आधार पर, कृषि वर्ष जुलाई 2018-जून 2019 के लिए प्रति कृषि परिवार की औसत मासिक आमदनी की गणना की गई है, जिसमें मज़दूरी/वेतन, ज़मीन को पट्टे पर देने से आमदनी और फ़सल उत्पादन व पशुपालन से होने वाली आमदनी और गैर-कृषि धंधों से शुद्ध आमदनी को शामिल किया गया है। आमदनी के हर स्रोत के लिए कुल प्राप्तियों में से कुल खर्च घटाकर शुद्ध प्राप्ति की गणना की गई है।

सर्वेक्षण के अनुसार, मेघालय में प्रति कृषि परिवार औसत मासिक आमदनी 29,348 रुपये दर्ज की गई, जिसमें मज़दूरी/वेतन से 6,936 रुपये, ज़मीन को पट्टे पर देने से 106 रुपये, फ़सल उत्पादन से 21,060 रुपये, पशुपालन से 842 रुपये और गैर-कृषि धंधों से 404 रुपये शामिल हैं।

इस अवधि के लिए पंजाब में प्रति कृषि परिवार औसत मासिक आमदनी 26,701 रुपये है, जिसमें 5,981 रुपये मज़दूरी/वेतन से, 2,652 रुपये ज़मीन को पट्टे पर देने से, 12,597

रुपये फ़सल उत्पादन से, 4,457 रुपये पशुपालन से और 1,014 रुपये गैर-कृषि व्यवसाय से शामिल हैं।

इस अवधि के लिए हरियाणा की प्रति कृषि परिवार औसत मासिक आमदनी 22,841 रुपये है, जिसमें मज़दूरी/वेतन से 7,861 रुपये, भूमि को पट्टे पर देने से 621 रुपये, फ़सल उत्पादन से 9,092 रुपये, पशुपालन से 4,020 रुपये और गैर-कृषि धंधों से 1,249 रुपये शामिल हैं।

प्रति कृषि परिवार उच्चतम औसत मासिक आमदनी वाले शीर्ष पांच राज्यों में अन्य दो राज्य अरुणाचल प्रदेश और जम्मू और कश्मीर शामिल हैं जिनकी आमदनी क्रमशः 19,225 रुपये और 18,918 रुपये है।

अखिल भारतीय प्रति कृषि परिवार औसत मासिक आमदनी 10,218 रुपये है, जिसमें मज़दूरी/वेतन से 4,063 रुपये, भूमि को पट्टे पर देने से 134 रुपये, फ़सल उत्पादन से 3,798 रुपये, पशुपालन से 1,582 रुपये और गैर-कृषि धंधों से 641 रुपये शामिल हैं।

सबसे कम प्रति कृषि परिवार औसत मासिक आमदनी वाले पांच राज्य हैं झारखंड (4,895 रुपये), ओडिशा (5,112 रुपये), पश्चिम बंगाल (6,762 रुपये), बिहार (7,542 रुपये) और उत्तर प्रदेश (8,061 रुपये)।